Need to provide information about status and development of the Hisar Aviation Centre/ Airport in Haryana- Laid

श्री जय प्रकाश (हिसार) **:** मैं सरकार का ध्यान हरियाणा राज्य के महत्वपूर्ण उभरते विमानन केंद्र हिसार की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । वर्तमान में हिसार में विकसित की जा रही अवसंरचना को लेकर यह तथ्य स्पष्ट नहीं है कि इसे औपचारिक रूप से एयरोड्रोम की श्रेणी में रखा गया है या पूर्ण विकसित एयरपोर्ट के रूप में अधिसूचित किया गया है । हिसार परियोजना प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल क्षेत्रीय संपर्क योजना (UDAN) के विस्तार में सहायक है, बल्कि भविष्य में विमानन प्रशिक्षण, रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहॉल (MRO) गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकती है । स्थानीय नागरिकों, उद्योगों तथा यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक उड़ान सेवाओं, रनवे विस्तार, नेविगेशन उपकरण, सुरक्षा मानकों और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदन की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी की आवश्यकता है । यदि एयरपोर्ट के रूप में उन्नयन की प्रक्रिया प्रगति पर है, तो उसकी वर्तमान स्थिति और समयसीमा बताई जाए तथा क्षेत्रीय हवाई सेवाओं के शीघ्र संचालन हेतु आवश्यक स्वीकृतियाँ प्रदान करने का कष्ट किया जाए ।